ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

मॉडिफाई साइलेंसर वाली गाड़ियां की जप्त

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 अगस्त। शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर कर्कश ध्वनि उत्पन्न कर आमजन को परेशान करने वाले 9 वाहनों को जप्त कर यातायात पुलिस कंपू ने चालान बनाए।

आला अधिकारियों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी व उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने बाले वाहन चालकों और शहर में बिना नंबर प्लेट के वाहनों से होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु संघन चैकिंग की कार्यवाही जारी रहेगी। आये दिन शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर कर्कश ध्वनि उत्पन्न कर गली, मोहल्लों और आम रोड पर शहर वासियों को परेशान करने पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

उक्त शिकायतों का अवलोकन कर कार्यवाही हेतु शहर के विभिन्न स्थानों जैसे गुडा गुड़ी का नाका, आमखो तिराहा, इंदरगंज चौराहा एवं शिंदे की छावनी पर अधिकारी, कर्मचारी लगाकर चैकिंग की गई। उक्त चैकिंग के दौरान शहर के अंदर यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे मॉडिफाई साइलेंसर, अमानक नंबर प्लेट, हूटर और ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिसमें मॉडिफाई साइलेंसर के चालान 09 शमन शुल्क राशि 9000 रुपए, अमानक नंबर प्लेट के चालान 27 बनकर शमन शुल्क राशि 13500 एवं ब्लैक फिल्म लगाकर चलाने वाले 02 वाहनों के चालान बनाकर शमन शुल्क राशि 1000 रुपए अधिरोपित कर कुल 38 वाहनों पर कार्यवाही कर 23500 रुपए जमा कराई गई। शत प्रतिशत यातायात नियमों का पालन कराने हेतु थाना यातायात पुलिस कंपू द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

उक्त कार्यवाही के दौरान थाना यातायात कंपू प्रभारी धनंजय शर्मा, सूबेदार राधाबल्लभ गुर्जर, सूबेदार प्रबल सिंह यादव एवं थाना यातायात कंपू से अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के समीप लगी भीषण आग

ग्वालियर। आज देर रात सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के समीप भीषण आग लग गई। आग में एक कार सहित कुछ वाहन जलकर खाक हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है।

ग्वालियर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बदले

ग्वालियर। आज देर रात हुए तबादलों में ग्वालियर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। ग्वालियर के एएसपी कृष्ण लालचंदानी अब पुलिस उपायुक्त इंदौर बनाए गए हैं।

जिले में संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों के निरीक्षण के लिये जाँच दल गठित

ग्वालियर . जिले में संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों की बारीकी से जाँच करने के लिये कलेक्टर द्वारा जाँच दल गठित किए गए हैं। संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में गठित किए गए इन जाँच दलों को राज्य मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

खाद वितरण में अनियमितता बरतने पर समिति प्रबंधक निलंबित

ग्वालियर 21 अगस्त. अनुविभागीय अधिकारी डबरा दिव्यांशु चौधरी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डबरा द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खड़बई द्वारा खाद के भौतिक रूप से निरीक्षण करने पर खाद वितरण में अनियमितता पाए जाने पर उपायुक्त सहकारिता जिला ग्वालियर के माध्यम से जाँच कराई गई एवं जाँच प्रतिवेदन के आधार पर समिति प्रबंधक ओमप्रकाश साहू को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान एवं परिचय सम्मेलन 31 को होगा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 अगस्त। नशे से दूरी एवं कदम कदम पर स्वच्छता है जरूरी, शादियों में फिजुल खर्ची रोकना है जरूरी, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना है तो सम्मेलन करो जरूरी विचार को आगे बढ़ाने के लिए 31 अगस्त को होने वाले सम्मेलन में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना हैं यह बात सकल ब्राह्मण महा समिति के संस्थापक डॉ.जयवीर भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता में कहीं। समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज, सम्मेलन के मुख्य संयोजक महंत पंडित सतीश शर्मा केदारपुर ने सभी उपवर्गीय ब्राह्मण समाजों के अध्यक्षों के साथ पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि 31 अगस्त दोपहर ठीक 3 बजे चेम्बर्स आफ़ कॉमर्स सभागार में सभी महिला संयोजिकाओ के श्री गणेश वंदना के साथ 15 व निशुल्क सकल ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान एवं विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन समाज की एकजुटता का प्रतीक होगा। सम्मेलन का भूमिपूजन 30 अगस्त को सायं काल ठीक 4 बजे, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स भवन के सामने, श्री अचलेश्वर महादेव रोड पर ब्राह्मण समाज के सबसे बड़ी आयु के समाज सेवी पंडित जयराम पचौरी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। 31 अगस्त को दोपहर 3 बजे चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स सभागार में पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में होगा। इसमें अनेकों ब्राह्मण समाज की हस्तियों की भी उपस्थिति रहेंगी।

अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा करेंगे। सम्मेलन के मुख्य संरक्षक विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व सांसद, ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालेन्दु शुक्ला पूर्व कैबिनेट मंत्री, अनूप मिश्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री होंगे। मुख्य परामर्शदाताओं में रामबाबू कटारे, महेश मुदगल, कुलवीर भारद्वाज, अशोक पटसारिया, रामनारायण मिश्रा, धर्मेंद्र भारद्वाज, प्रेम पचौरी को बनाया गया है।

छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित

कक्षा दसवीं, कक्षा 11वीं 12वीं कक्षा एवं स्नातक, स्नातकोत्तर में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक वाली छात्राएं सम्मानित होंगी। परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभाशाली छात्राओं के रजिस्ट्रेशन 24 तक प्रधान कार्यालय ऊंट पुल जिंसी नाले लश्कर पर होंगे।

एक नजर में

लायंस क्लब आस्था की नई टीम ने ली शपथ

ग्वालियर 21 अगस्त. लायंस क्लब आस्था का 11वां शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में किया गया। जिसमें नवीन टीम ने शपथ ग्रहण क़ी मुख्य अतिथि और इंडक्शन अधिकारी के रूप में प्रांतपाल लायन सुधीर बाजपेई उपस्थित रहें एवं शपथ विधि अधिकारी पूर्व प्रांतपाल लायन नितिन मांगलिक और विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार लायन रामकिशन सिंघल, रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र सिंह यादव, डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ लायन जुबैर रहमान और जेड सी लायन वंदना जाजू उपस्थित रही इस अवसर पर नवीन अध्यक्ष सीमा बंसल, सचिव प्रियंका अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर अनीता सिंह ने शपथ ग्रहण क़ी नवीन अध्यक्ष सीमा बंसल ने कहा क़ी वह नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगी और महिला सशक्तिकरण एवं निर्धन बच्चों के कल्याण, प्रकृति का सृजन, प्रसादम, जरूरतमंद लोगों क़ी सेवा सम्बंधित कार्य करेंगी क्लब में 20 नवीन सदस्यों का इंडक्शन हुआ मुख्य अतिथि ने लायंस क्लब आस्था के द्वारा किये जाने वाले कार्यों क़ी सरहाना क़ी मंच संचालन पूर्व जेड सी प्रीती सिंह एवं ज्योति अग्रवाल ने किया कार्यक्रम समन्वयक पूर्व अध्यक्ष रेखा मथुरिया रही एवं कार्यक्रम संयोजक सरोज अग्रवाल एवं मीरा अग्रवाल रहीं इस अवसर पर पास्ट आर सी सुनील शर्मा, पूर्व जेड सी प्रीती सिंह, ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संगीता जौहरी, रश्मि अग्रवाल, रोमा जैन, मोहिता गोयल, संगीता गोयल, चंचल सिंह, सुनीता गुप्ता, रिंकी मित्तल, रितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह सुरक्षा समिति की बैठक हुई

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय में 22 सितंबर को होने जा रहे दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर आज कॉमर्स विभाग में दीक्षांत समारोह सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक प्रॉक्टर। एसके सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 21 व 22 सितंबर को जीवाजी विश्वविद्यालय कैंपस को बाहरी लोगों का प्रवेश लिए वर्जित किया गया है ऐसा सुरक्षा की दृष्टि से किया गया है। बैठक में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी निर्णय ने दिए गए। 21 सितंबर को 22 सितंबर को भारी लोगों का प्रवेश एवं घूमने वाले लोगों का प्रवेश पूर्णत वर्जित रहेगा। 22 सितंबर को राजमाता चौराहे का गेट बंद रहेगा और गोविंदपुरी चौराहे से प्रवेश रहेगा पार्किंग स्पोर्ट्स ग्राउंड के पास होगी। वीवीआईपी पार्किंग दूरस्थ भवन के पास वाले ग्राउंड पर होगी। इस अवसर पर सुरक्षा समिति के राजवीर सेंगर को व्यवस्था बनाने में प्रशासन को वेरिकेट्स उपलब्ध कराने के लिए पत्र भिजवाने को कहा और पार्किंग के लिए स्थलों को तैयार करने के लिए कहा। दूसरी बैठक कंट्रोल रूम समिति की बैठक भौतिकी अध्ययनशाला में आयोजित की गई। इस अवसर पर कंट्रोल रूम पूछताछ के प्रभारी संजय चौहान को बुलाकर समस्त जानकारी संकलित कर छात्रों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर छात्रों की जानकारी के लिए फोन नंबर 0751-22442712, 22442713 निश्चित किए गए जिससे समस्त छात्र दीक्षांत समारोह संबंधित जानकारी इस पर ले सकते हैं। बैठक में प्रोफेसर एसके सिंह, प्रोफेसर राजेंद्र खटीक, डॉ विमलेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ गणेश दुबे, अमित सिसोदिया, राकेश सिंह गुर्जर, राजवीर सिंह सेंगर, संजय चौहान आदि समिति सदस्य व पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

जेएसजी संगिनी नारिशक्ति ग्वालियर द्वारा जरूरतमंद बच्चियों को शिक्षा सहयोग

ग्वालियर, 21 अगस्त। जेएसजी संगिनी नारिशक्ति ग्वालियर ने समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी जरूरतमंद बच्चियों को शिक्षा सहयोग प्रदान किया। संस्था ने बच्चियों की पूरे वर्ष की स्कूल फीस एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई। संगिनी समूह का उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां शिक्षा से वंचित न रहें और पढ़-लिखकर जीवन में आगे बढ़ें। संस्था का मानना है कि शिक्षित बच्चियां ही आने वाले कल में परिवार और देश का नाम रोशन करेंगी। संगिनी की इस पहल की समाजभर में सराहना हो रही है। संस्था अध्यक्ष संगिनी अनीता जैन ने सभी से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग शिक्षा सेवा जैसे कार्यों से जुड़कर बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दें। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुप्रिया जैन, पूर्व अध्यक्ष नेहा जैन, उपाध्यक्ष अंजना जैन, अनीता जैन डैल, सचिव दिव्या जैन, सह सचिव शोभना जैन, कोषाध्यक्ष ममता जैन सहित रिनू जैन एवं सुनीता जैन उपस्थित रहीं।

हीरामन भुमिया मेला आज, सर्पदंष, बिषबैल और कंठमाल से पीडितों के कटेंगे बंध

ग्वालियर 21 अगस्त। श्री श्री 1008 हीरामन भुमिया बाबा का 26 वां वार्षिक मेला समारोह का आयोजन 22 अगस्त को सत्यनारायण की टेकरी, घोसीपुर ग्वालियर पर होगा। मंदिर पर अखंड रामायण पाठ से शुभारंभ हुआ। सत्यनारायण की टेकरी, घोसीपुरा पर स्थित श्री श्री 1008 हीरामन भुमिया बाबा के मंदिर पर ग्वालियर सहित दूरदराज से सर्पदंष, बिशवैल और कंठमाल से पीड़ित लोग सत्यनारायण की टेकरी स्थित हीरामन भुमिया बाबा के मंदिर पर पहुंचते हैं। जहां तक हीरामन भुमिया मंदिर के महंत अर्जुन प्रजापति भगत द्वारा झाड़ा देकर सर्पदंष, बिशवैल और कंठमाल से पीड़ित लोगों के बंध कांटे जाते हैं। मेला प्रभारी जवाहर प्रजापति, अध्यक्ष श्री रामनरेश राठौर, हेम सिंह रौतेला, सचिव रामलखन वर्मा, बालमुकुंद प्रजापति, दौलतराम प्रजापति, जगन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, दिलीप प्रजापति, जितेन्द्र प्रजापति, करन कुशवाह, सीताराम बाथम, लक्ष्मण कुशवाह भगतजी ने धर्मप्रेमी जनता से मेला समारोह में शामिल होकर लाभान्वित होने की अपील की है।

निगम परिषद की बैठक आज

ग्वालियर 21 अगस्त. नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन 22 अगस्त को दोपहर 3 बजे सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

शा. कन्या महाविद्यालय मुरार एवं लाल टिपारा गौशाला में रोपे पौधे

ग्वालियर 21 अगस्त. नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत कन्या महाविद्यालय मुरार परिसर में शीशम, नीम, पीपल, बरगद, अनार, जामुन, कचनार, अमलतास के 200 पौधे लगाकर हरियाली महोत्सव मनाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम मे बच्चो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, इस अभियान में बच्चो और महाविद्यालय के स्टाफ ने पौधों की सुरक्षा करने की शपथ ली।

आम-सूचना

आवेदिका श्रीमती सीमा पत्नी श्री सियाराम निवासी वार्ड क्रमांक 17, ग्राम कीरतपुरा, गोहद चौराहा, जिला भिण्ड, म.प्र. के निर्देशानुसार आम व खास को सूचित किया जाता है कि, एक आवासीय भू-खण्ड जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 498 राजस्व ग्राम कीरतपुरा का भाग होकर वार्ड क्रमांक 17, अम्बेडकर नगर, ग्राम कीरतपुरा, तहसील गोहद, जिला भिण्ड, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :- पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में -गंगाराम जाटव का मकान एवं अन्य का प्लॉट, उत्तर में-मुरारी लाल जाटव, दक्षिण में-जाटव का प्लॉट स्थित है। जिसे आवेदिका ने भू-खण्ड स्वामी श्री परशराम पुत्र श्री भजनलाल निवासी ग्राम कीरतपुरा, गोहद, तहसील गोहद, जिला भिण्ड, (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर आवास ऋण के विरुद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष आवेदन किया है। अनुबंधकर्ता श्री परशराम पुत्र श्री भजनलाल उक्त सर्वे संख्याक की भूमि को अन्य सह-स्वामियों के साथ सह-स्वामी के रूप में धारण करता है तथा अपने भाग की भूमि से उक्त भू-खण्ड का अनुबंध पत्र आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक/रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रूप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक :21/08/2025
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय ओशो ध्यान केन्द्र के पास, पटेल नगर, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय- प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

श्री राहुल जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जैन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति प्रकोष्ठ / शॉप क्र.एफ-15. प्रथम तल स्थित जय भोले कॉम्पलेक्स पगनीस साहब का दावा के अंदर चिटनीस की गोठ की गली, लश्कर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.50 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 117.95 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-कॉमन जीना, पश्चिम में-शॉप क्र. एफ-16, उत्तर में-कॉमन पैसेज एवं दक्षिण में-शॉप क्र. एफ-14 है। उक्त सम्पत्ति एव सलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती नालिनी पागनीस पत्नी श्री भास्कर राव पागनीस, श्री राहुल पुत्र श्री भास्कर राव पागनीस, श्रीमती अंजली पत्नी श्री सुहास मालवाडे पुत्री श्री भास्कर राव पागनीस, श्री सुनील पागनीस पुत्र श्री भास्कर राव पागनीस एवं पूनम पुत्री श्री भास्कर राव पागनीस पत्नी श्री नागचंद पुत्र श्री द्वारिकादास सिंधी, श्री बृजेश कुमार रूपानी पुत्र श्री साधूराम जी रूपानी, श्री दिनेश रूपानी पुत्र श्री साधूराम जी रूपानी, श्री सदीप सिंह पुत्र श्री गुरचरन सिंह कुकरेजा एवं श्री अजीत सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह पंजाबी के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थीं। श्रीमती नालिनी पागनीस श्री राहुल श्रीमती अंजली, श्री सुनील पागनीस एवं पूनम द्वारा सम्पत्ति 10219 वर्गमीटर एरिया श्री पीतावर लोकवानी पुत्र स्व. श्री परशुराम लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.5526 दिनांक 25.09.1980 से विक्रय की गई। श्रीमती नालिनी पागनीस, श्री राहुल श्रीमती अजली, श्री सुनील पागनीस एवं पूनम द्वारा सम्पत्ति 111.48 वर्गमीटर एरिया श्री पीतावर लोकवानी पुत्र स्व. श्री परशुराम लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.5527 दिनांक 25.09.1980 से विक्रय की गई। श्री भागचंद द्वारा सम्पत्ति 121.00 वर्गमीटर एरिया श्रीमती निर्मला देवी लोकवानी पत्नी स्व. श्री परसराम लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.765 दिनांक 22.06.1995 से विक्रय की गई। श्रीमती निर्मला देवी लोकवानी द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री अमर लोकवानी पुत्र स्व. श्री परशुराम लोकवानी के हित में रजिस्टर्ड वसीयतनामा विलेख क्र.66 दिनांक 08.05.2014 को सम्पादित किया गया। श्रीमती निर्मला देवी लोकवानी का स्वर्गवास दिनांक 08.05.2014 को हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 08.05.2014 के अनुसार, श्री अमर लोकवानी पुत्र स्व. श्री परशुराम लोकवानी उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये श्री बृजेश कुमार रूपानी द्वारा सम्पत्ति 54.50 वर्गमीटर एरिया श्रीमती सपना लोकवानी पत्नी श्री राजकुमार लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3215 दिनांक 19.01.2001 से विक्रय की गई। श्री बृजेश कुमार रूपानी द्वारा सम्पत्ति 60.50 वर्गमीटर एरिया श्रीमती सपना लोकवानी पत्नी श्री राजकुमार लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3216 दिनांक 19.01.2001 से विक्रय की गई। श्री दिनेश रूपानी द्वारा सम्पत्ति 171.49 वर्गमीटर एरिया श्रीमती सपना लोकवानी पत्नी श्री राजकुमार लोकवानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.256 दिनांक 28.05.2001 से विक्रय की गई। श्रीमती सपना लोकयानी द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती जया लोकवानी पत्नी श्री राजकुमार लोकवानी के हित में नोटराईज्ड वसीयतनामा विलेख नोटरी श्री सी.एल. गुप्ता एडवोकेट के समक्ष दिनांक 15.11.2003 को सम्पादित किया गया। श्रीमती सपना लोकवानी का स्वर्गवास दिनांक 11.02.2004 को हो जाने के उपरात वसीयतनामा विलेख दिनांक 15.11.2003 के अनुसार, श्रीमती जया लोकवानी पत्नी श्री राजकुमार लोकवानी उनकी सम्पत्ति के मालिक हुई। श्री सदीप सिंह एवं श्री अजीत सिंह जये मुख्यारआम श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी श्री संदीप सिंह कुकरेजा द्वारा सम्पत्ति 267.06 वर्गमीटर एरिया श्री पीतावर लोकवानी पुत्र स्व श्री परशुराम लोकदानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2240 दिनांक 05.12.2014 से विक्रय की गई। श्री संदीप सिंह एवं श्री अजीत सिंह जयें मुख्त्यारआम श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी श्री संदीप सिंह कुकरेजा द्वारा सम्पत्ति 171.37 वर्गमीटर एरिया श्री राजेन्द्र बच्चानी पुत्र श्री परसराम बच्चानी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2239 दिनांक 15.12.2014 से विक्रय की गई। 1 श्री पीताम्बर लोकवानी 2. श्री अमर लोकवानी एवं 3 श्रीमती जया लोकवानी द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबध मे श्री दीपक लोकवानी पुत्र श्री पीताम्बर लोकवानी के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र. एमपी 142602020 ए470144 दिनांक 27.10.2020 को सम्पादित किया गया। जय भोले इन्फ्रा एलएलपी जय पार्टनर्स 1 श्री पीताम्बर लोकवानी 2. श्री अमर लोकवानी 3 श्रीमती जया लोकवानी जयें मुख्यारआम श्री दीपक लोकवानी एवं 4. श्री राजेन्द्र बच्चानी द्वारा 117.95 वर्गफुट एरिया श्री राहुल जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जैन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602020 ए1811571 दिनांक 04.12.2020 से विक्रय की गई उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त वसीयतनामा विलेखों दिनांक 16.11.2003 एवं दिनांक 08.05.2014 की मूलप्रतिया गुम हो गई है। श्री राहुल जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था निगम अथवा निकाय को उक्त वसीयतनामा विलेखों दिनांक 15.11.2003 एवं दिनांक 08.05.2014 की मूलप्रतिया प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती निर्मला देवी लोकवानी एवं श्रीमती सपना लोकवानी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

बिन्द्रा सिंघल का विवाहोपरांत नाम सुनीता निगम हो गया है तथा ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। सुनीता निगम सुपुत्री श्री राम प्रताप, पत्नी श्री राज कुमार निगम, निवासी BM-26, सुखलिया, विजय नगर, इन्दौर-452010 (मध्य प्रदेश)। सुनीता निगम के पति श्री राज कुमार निगम, निवासी - प्लॉट नं. 8, मेरी जीसस स्कूल रोड, दहेली सुजानपुर, निकट के.डी.ए. कॉलोनी, सीओडी, कानपुर नगर- 208013 (उत्तर प्रदेश)।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला ग्वालियर (म.प्र.)

ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर
पिन-474006
क्रमांक : एडीएम/वि.अधि./विवाह पंजीयन /62/2025
ग्वालियर दिनांक 18/08/2025

// विज्ञप्ति //

आवेदकगण अजय श्रीवास्तव पुत्र श्री भगवत सहाय श्रीवास्तव निवासी बी-67 तानसेन नगर ग्वालियर म.प्र. एवं श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव पुत्री श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव निवासी बी-67 तानसेन नगर ग्वालियर म.प्र. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 15 के अन्तर्गत उनके मध्य हिन्दू रीति रिवाज से स्थान आर्शीवाद पैलेस तानसेन रोड हजीरा ग्वालियर म.प्र. में दिनांक 03/12/2007 को सम्पन्न हुये विवाह के संबंध में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2/ यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अंदर यानि दिनांक 18/09/2020 तक अपनी आपत्ति अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी ग्वालियर के कार्यालय में कार्यालयीन समय 10:30 बजे से 06:00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत तिथि व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी।

अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी
जिला ग्वालियर म.प्र.

CHANGE OF NAME

I Anurudh Darji S/O Guvind Das R/O At 237, Rahvuli Uvari, Lahar, Rahawali Ubari, Bhind, Madhya Pradesh - 477445, Have Changed The Name Of My Minor Son Namely Arjun (Aged 14 Years 11 Months) And He Shall Hereafter Be Known As Gaurav For All Future Purposes

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान श्रीमती लक्ष्मी कुशवाह पत्नी श्री राजवीर एंव श्रीमती पूजा देवी पत्नी श्री रवि ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 13 एंव 14 स्थित ग्राम जडेरूआकला जिला ग्वालियर में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र 21 है। जो मेरे पक्षकारान ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारान के विक्रेतागण रमेशचन्द्र पुत्र श्री सी. एस. आर्या की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592022ए 1219558 तारीखी 02.03.2022 एंव श्रीमती सुनीता सिंह पत्नी श्री राजकुमार की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592022ए1219567 तारीखी 02.03.2022 में कमलसिंह पुत्र श्री बाबूलाल कुशवाह से क्रय की। मेरे पक्षकारान के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-प्लॉट क्र. 9 व 10, पश्चिम में-रोड, उत्तर में-रोड, दक्षिण में-प्लॉट क्र . 15 जिसका कुल क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है। मेरे पक्षकारान के विक्रेतागण रमेशचन्द्र पुत्र श्री सी. एस. आर्या एंव श्रीमती सुनीता सिंह पत्नी श्री राजकुमार ने अचल सम्पत्ति दोनो प्लॉट कुल क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट को पूर्व विक्रेता कमलसिंह पुत्र श्री बाबूलाल कुशवाह के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या पूर्व विक्रेता कमलसिंह के परिवारिक सदस्य गब्बर सिंह, चेतराम, जगदीश, श्रीमती उषादेवी, श्रीमती भूरीबाई, कैलाशीबाई को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरे पक्षकारान अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 13 एंव 14 कुल क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई.सी.आई.सी.आईएच.एफ.सी. सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रहे है। जो सुचित हो।

दिनांक 21.08.2025
स्थान ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाली एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती कल्पना कुमारी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह भदौरिया ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट स्थित न्यू तुलसी बिहार कालोनी ग्राम रामटापुरा जिला ग्वालियर में है जो कि सर्वे क्र. 74/1 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 600 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 14 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता राकेश कुशवाह पुत्र श्री सुन्दरसिंह कुशवाह की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142602025ए1242669 तारीखी 29.03.2025 में हरीसिंह पुत्र श्री ग्यासीराम कुशवाह के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-रोड, पश्चिम में-सम्पत्ति मोहन सिंहस उत्तर में-विक्रेता सम्पत्ति, दक्षिण में-विक्रेता सम्पत्ति जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता राकेश कुशवाह पुत्र श्री सुन्दरसिंह कुशवाह ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अचल संपत्ति प्लॉट कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट को हरीसिंह पुत्र श्री ग्यासीराम कुशवाह के द्वारा को विक्रित किये जाने में अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवार के किसी सदस्य काशीराम, राजकुमार कुशवाह, श्रीमती कलावती को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा अचल संपत्ति प्लॉट कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई एच. एफ. सी. सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 21/08/2025
ग्वालियर स्थान
भवदीय
संजय बाकलीवाली एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती वर्षा पत्नी श्री गम्भीर सिंह ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 83 एवं 82 का भाग स्थित बैजनाथ धाम ग्राम सेंथरी जिला ग्वालियर में है जो कि सर्वे क्र. 699 एंव 702 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 1000 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 62 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती कृष्णा पत्नी श्री बलराम सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592020 ए1445053 तारीखी 30.07.2020 में रामवरन गुर्जर पुत्र श्री बैजनाथ गुर्जर के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-प्लॉट क्र. 84स पश्चिम में-मकान रामनिवास घुरैया, उत्तर में-रोड, दक्षिण में-सम्पत्ति दीगर जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती कृष्णा पत्नी श्री बलराम सिंह ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 83 एंव 82 का भाग कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट को रामवरन गुर्जर पुत्र श्री बैजनाथ गुर्जर के द्वारा विक्रित किये जाने में अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सरंथा, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवार के किसी सदस्य वीरेन्द्र, रामजीलाल, जसवंत, सिकन्दर को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 83 एवं 82 का भाग को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा पीरामल फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 21/08/2025
स्थान-ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाली एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्री हीरा सिंह पुत्र श्री सिंधारा सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित ग्राम डबरा, तहसील डबरा व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पालिका डबरा वार्ड क्र.05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1312/1/12/1 ग्राम डबरा का भाग है एवं जिसका 6642 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भवन सतनाम औतार, उत्तर में-भूमि दीगर एवं दक्षिण में-भूमि रमेश पाराशर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सिंघारा सिंह पुत्र श्री संतोष सिंह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री सिधारा सिंह का स्वर्गवास दिनांक 06.06.2023 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी श्रीमती मलविन्दर कौर पत्नी श्री सिंघारा सिंह उनकी सम्पत्ति की मालिक हुई एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती मलविन्दर कौर द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्री हीरा सिंह पुत्र श्री सिधारा सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख क्र. एमपी21 आईजीआर 17392025ए100716437 दिनांक 13.08.2025 को सम्पादित किया गया। श्री हीरा सिंह द्वारा फर्म संधू केटरर्स हेतु उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री सिंधारा सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार सुमित अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी हाउस नम्बर 87 सी. पी. कॉलोनी 7 नम्बर चौराहा वेदांता हॉस्पीटल के पास मुरार ग्वालियर म.प्र. के द्वारा प्राधिकृत व अधिकृत करने पर इस आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री बाबूलाल अग्रवाल निवासी हाउस नम्बर 87 सी.पी. कॉलोनी 7 नम्बर चौराहा वेदांता हॉस्पीटल के पास मुरार ग्वालियर म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की दुकान जिसका क्षेत्रफल 311 वर्गफुट है उक्त दुकान को ओमप्रकाश अग्रवाल जी से मेरा पक्षकार सुमित अग्रवाल क्रय कर रहा है जिसके लिये रजिस्टर्ड विक्रयपत्र संपादित कराया जाना है जिसके पूर्व यह आम सूचना प्रकाशित की जाती है कि जिस आम एवं खास को कि यदि किसी भी आम या खास शासकीय व अशासकीय संस्थान या कोई भी पक्षकार जिसको उक्त भूमि पर कोई अधिकार/भार प्राप्त है या कोई आपत्ती है तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय मे इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर लिखित आपत्ती प्रस्तुत करे अन्यथा म्याद यह अनुमान किया जावेगा कि किसी भी व्यक्ति/संस्थान को कोई आपत्ती नही है तथा उक्त संपति पूर्ण भार मुक्त है तथा उक्त लोगो को विक्रय करने का अधिकार प्राप्त है जिसके उपरांत उक्त भूमि का रजिस्टर्ड वयनामा अपने हित मे संपादित करवा लेगा तथा किसी भी पक्ष की आपत्ती मेरे पक्षकार के अधिकारो के प्रति अमान्य होगा।

दिनांक 21-08-2025
सूचनाकर्ता
जितेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट
नोटरी भारत सरकार
कार्यालय गहोई कॉलोनी कोटेश्वर रोड ग्वालियर म.प्र. मोबाईल 9165160517

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 भवन क्रमांक स्थान मानपुरा में स्थित है जो कि श्री हरेन्द्र सिंह बघेल / पिता श्री सुरवेन्द्र बघेल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000038777 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 704 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे दुवारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602021A1943567 दिनांक 10/11/2021 दुवारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे दुवारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 20/08/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72502/72710 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय दुवारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 21.08.2025
आवेदक का नाम
श्री कुलदीप पाठक
पिताओमप्रकाश पाठक
मानपुरा वार्ड-05

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् दुवारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 भवन क्रमांक 7861 स्थान 98 अपना घर योजना आनन्द नगर में स्थित है जो कि श्री लखना सिंह राजपूत /पिता रामनाथ सिंह राजपूत के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000156582 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 538 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे दुवारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक 01012127062025006739 दिनांक 27/06/2025 दुवारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे दुवारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 20/08/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72503/72711 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय दुवारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 21.08.2025
आवेदक का नाम
श्री रामवीर सिंह छावई
पिता श्री विशाल सिंह
98 अपना घर योजना आनन्द नगर वार्ड-05

KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
TENDER NOTICE NO. 54

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for The fourth phase of the work to renovate, preserve, conserve and reconstruct the Sangeet Surya Keshavrao Bhosale Theatre and Rajarshi Shahu Khasbagh Wrestling Ground in the Kolhapur Municipal Corporation area it includes stage electrification, drapery, audio-video, chairs and ancillary works. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 22/08/2025 09.30 AM to 29/08/2025 at 3.30 PM. Pre Bid Meeting on 25/08/2025 Tender Opening Date 03/09/2025 at 4.00 pm.

Date 21/08/2025

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 49 भवन क्रमांक C-45 स्थान समाधिया कॉलोनी, तारागंज में स्थित है जो कि राहुल तलरेजा/लक्ष्मणदास तलरेजा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000102916 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र MP142602022A169630 दिनांक 29/6/2022 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी,पानी की टंकी पर दिनांक 21/08/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 83/2010/18184/40486 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 21-08-2025
आवेदक का नाम/पता
भाविका बजाज/ महेश बजाज
पता: C-45, समाधिया कॉलोनी, तारागंज ग्वालियर म.प्र.
मों नं: 9826233019

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 भवन क्रमांक... स्थान प्रीतमपुर,कॉलोनी गुढ़ा में स्थित है जो कि कमलेश/कल्यान सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000024861 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 756 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ग्रन्थ क्रमांक-23540 दिनांक 21/11/2011 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 21/08/2025 को किया गया है. जिसका पत्र संख्या 25000095500 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 21-08-2025
आवेदक का नाम/पता
राकेश पाल/स्व. हरी सिंह पाल
पता: प्रीतमपुर कॉलोनी गुढा ग्वालियर म.प्र.
मों नं: 9826233019